खबर संक्षेप

## मोचा के सेलिब्रेशन होटल से शराब जप्त



**मण्डला।** खाद्य विभाग, आबकारी विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा के सेलिब्रेशन होटल की जांच की। होटल के किचन में बेसन और आइसक्रीम के पैकेट्स पर पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट्स नहीं पाई गई। साथ ही शराब की 9 बोतलें भी मिली, जिनमें 4 बोतलें सीलबंद, 4 बोतलें आंशिक खुली तथा 1 बीयर की बोतल पाई गई। इसके संबंध में रिसॉर्ट संचालक के पास कोई अनुमति / लाइसेंस नहीं था। अवैध रूप से रखी उक्त शराब को जप्त किया गया और रिसॉर्ट के संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## अंडर-20 डी.एफ.ए. फुटबॉल टीम बालाघाट के लिए रवाना

**मण्डला।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के द्वारा स्वामी विवेकनंद लीग अंडर- 20 बालक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगता 24 मार्च से 31 मार्च 2025 तक बालाघाट जिले मैं आयोजित किया जा रहा है। फुटबॉल कोच- पंकज उसराठे ने बताया कि इस प्रतियोगता मैं मध्य प्रदेश के मंडला, बालाघाट, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायसेन, नीमच जिले की टीमे भाग ले रही है। डी.एफ .ए मंडला टीम का पहला मैच डी.एफ .ए ग्वालियर बीच 24 मार्च को बालघाट के मोलना स्टेडियम में खेला जायेगा। जिले के खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# स्वास्थ्य व रोजगार के क्षेत्र में भविष्य बनाएं विद्यार्थी

*** केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने किया संबोधित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपत्तियां उईके ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों और पालकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लिए आज के बच्चे कल का भविष्य बनेंगे। प्रदेश सरकार के द्वारा इनकी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का पूरा पूरा प्रबंध किया गया है, यही वजह है कि हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़ रहे हैं। मंडला जिले के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके रविवार को जिला योजना भवन मंडला में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सचिन शर्मा और सुश्री शशि पटेल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर सुहानी चक्रवर्ती, विनय झरिया, ज्ञानेश्वरी मरकाम, सुरभि पटेल, शांति बाई, काव्या गुप्ता और डॉ. गौतम को सम्मानित किया।



मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, इससे मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि सभी माता-पिता अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं जिससे वह हमारे देश के लिए एक सफल नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा कि समाज में बेटा और बेटियों में भेद न करें बेटों की तरह बेटियों को भी खूब बढ़ाएं। बेटियां जब शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है पहला उसका मायका और दूसरा उसका ससुराल। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ किसान विद्यार्थी महिला वृद्ध विद्यार्थी सहित सभी हितग्राहियों को मिल रहा है। उन्होंने इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा कि वर्षाकाल में खेत का पानी खेत में, गली का पानी गली में और घर का पानी घर में रोकने के लिए विशेष अभियान चलाए। इस अभियान में सभी समाज की सहभागिता रहे और जल संरक्षण के बारे में भी बताया जाए। उन्होंने इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की उपलब्धि के बारे में भी जानकारी दी। मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि जिले के नागरिक प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई का लाभ अवश्य लें। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए एक उचित माध्यम है। जिले के नागरिक जनसुनवाई का लाभ अनिवार्य रूप से लें।



# मध्य रात्रि हुआ थानों का औचक निरीक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त थानों का पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। गत मध्यरात्री में मंडला पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अनुविभाग के थाना व क्षेत्र में पहुँचकर औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर थाना कोतवाली व महाराजपुर का देर रात औचक निरीक्षण किया गया। सरप्राइज विजिट में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, बंदीगृह, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम, रजिस्टर एवं थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट एवं थाना में लगे डिस्प्ले आदि को भी चेक कर ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी एवं कर्मचारियों से चर्चा करते हुए थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसी प्रकार मंडला के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा अनुविभाग अंतर्गत थाना का देर रात औचक निरीक्षण किया गया।जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं व्हीसीएनबी रजिस्टर की जांच, E-FIR प्रणाली का अवलोकन, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, E-Sakshya ऐप का उपयोग, डिजिटल समन्स निष्पादन, हिस्ट्री शीट की समीक्षा, थाना परिसर की सफाई एवं रिकॉर्ड प्रबंधन, माइक्रो बीट प्रणाली का निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण जिले में सुदृढ़ पुलिसिंग और रात्री में आमजन हेतु पुलिस की सुलभ उपलब्धता, सक्षम व त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है।



## कान्हा के किंगफिशर, कृष्णा जंगल और स्टर्लिंग कान्हा रिसॉर्ट पर हुई छापामार कार्यवाही

**मण्डला।** खाद्य विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा में रिसोर्ट्स पर छापा मारा। इस दौरान कान्हा के किंगफिशर, कृष्णा जंगल और स्टर्लिंग कान्हा रिसोर्ट से अमानक खाद्य पदार्थों को जप्त किया गया और नमूने भी लिए गए। किंगफिशर रिसॉर्ट से अमानक बेसन 20.5 किलोग्राम जप्त किया गया, इसके साथ-साथ खाद्य तेल और बेसन के सैंपल भी लिए। इसी तरह कृष्णा जंगल रिसॉर्ट में खराब छोले और मांस पाया गया जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। कृष्णा और स्टर्लिंग रिसोर्ट्स में रखे मैदा और ब्रेड के पैकेट्स में पैकेजिंग व एक्सपायरी डेट्स नहीं पाई गई।



### मोगली रिसॉर्ट से अवैध गैस सिलेंडर जप्त

शनिवार को खाद्य विभाग तथा फूड एंड ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ग्राम मोचा के रिसॉर्ट पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मोचा के मोगली रिसॉर्ट में अलग-अलग वजन के 4 नग अवैध गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इसके संबंध में रिसॉर्ट संचालक के पास कोई गैस कार्ड उपलब्ध नहीं था। अवैध रूप से रखे गैस सिलेंडर को जप्त किया गया और रिसॉर्ट के संचालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही रिसॉर्ट के किचन से मैदे के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

## अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर भुआ बिछिया में हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी बिछिया विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ. विजय आनंद मरावी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान बिछिया के विनोद रंगमंच में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, मां सरस्वती की प्रतिमा में पूजन अर्चन कर एवं अटल जी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर उनको याद करते हुए, नमन करते हुए उनकी सकारात्मक और साहसपूर्ण कविताओं की पंक्तियों से हुई। ओरछा से आए हुए कवि सुमित ओरछा (सबरस), कवियित्री वेद ऋचा माथुर (श्रृंगार रस), कवि देवेंद्र वैष्णव (हास्य रस) ने सभी



रसों से परिपूर्ण अपनी कविताओं से बिछिया क्षेत्र के जनमानस का दिल जीत लिया और सम्माननीय कवियों के द्वारा वीर रस, श्रृंगार रस, सब रस से भरी वीरता, राष्ट्रभक्ति और साहस से भर देनी वाली कविताओं की प्रस्तुतियां दी गई। क्षैत्रिय कवि भयंकर बोस अद्भुत संयासी ने भी काव्य पाठ किया। संचालन बलरामपुरी गोस्वामी ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ विजय आनंद मरावी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, मंडी बोर्ड के पूर्व विशेषज्ञ सुनील नामदेव, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र रावत, भाजपा नेता जय दत्त झा, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, विनय मिश्रा, अमरजीत सिंह चौहान, वीरन उइके, वरिष्ठ जन, मातृ शक्तियों, युवा साथियों एवं समस्त नागरिक बंधु शामिल हुए।

**जल संरक्षण**

## वाटरशेड यात्रा अभियानः पानी रोको अभियान में सभी ग्रामवासियों को सक्रिय रूप से जुड़ने का दिया संदेश

# जल योद्धाओं का जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान

*** जनपद पंचायत निवास में हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना (PMKSY 2.0) के तहत परियोजना क्रमांक 1, जनपद पंचायत निवास, जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह सरसवाही रोड, सिंगपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शनिवार 22 मार्च को विश्व जल दिवस के इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों और गणमान्य




नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक चैन सिंह वरकड़े, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मरावी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, जनपद सदस्य क्रांति सिंह मार्को, श्रीमती अंजनी वरकड़े और बस्तरी, कटंगसिवनी, मेहरा सिवनी, मोहपानी, पिपरिया, सरसवाही, सिंगपुर सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई, जिसके पश्चात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। उपस्थित सदस्यों ने मंच से पानी रोको अभियान में सभी ग्रामवासियों को सक्रिय रूप से जुड़ने का संदेश दिया और इसके महत्व एवं लाभों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला परियोजना अधिकारी उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। समापन समारोह के अंत में वृक्षारोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। इसके साथ ही, वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को उनकी उल्लेखनीय योगदान के लिए शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जेके लक्ष्मी सीमेंट की इंजीनियर्स मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

देश की प्रमुख सीमेंट कम्पनी जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने मंडला स्थित किंगफिशर होटल में इंजिनियर मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें शहर के सभी गणमान्य इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया मध्यप्रदेश पूर्वी के टेक्निकल हेड अरुण कुमार कुशवाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया आयोजन की शुरुआत कम्पनी के उच्च अधिकारियो द्वारा दीप प्रज्वलन से की गई। आयोजन का संचालन मध्यप्रदेश के टेक्निकल हेड विकास सिसोदिया ने कम्पनी के प्रसार के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी 2030 तक 18 मिलियन टन से 30 मिलियन टन सीमेंट उत्पादन की रुपरेखा साझा की है औऱ बताया कि कंपनी इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है आगे उन्होंने बताया जेके लक्ष्मी सीमेंट नॉर्थ इंडिया का नंबर 1 प्रीमियम सीमेंट है जोकि ग्रीन प्लस टेक्नॉलोजी सर्टिफाइड उत्पाद है कंपनी के उत्पादों जेके लक्ष्मी सीमेंट ग्रीन प्लस और प्रो




प्लस के गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी और जेके लक्ष्मी सीमेंट अपराजेय गुणवत्ता और मज़बूती प्रदान करता है और ये पहले से ही इंडिया का बेस्ट परफॉर्मर है। स्टेट हेड सेल्स देवेन्द्र सिंह निश्चल ने आये हुए सभी इंजीनियर्स का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात कम्पनी अधिकारियों द्वारा सभी को उपहार देकर सम्मानित व उत्साह वर्धन किया गया इस आयोजन में जेके लक्ष्मी सीमेंट के सीएफ, दीपक तपा राहुल तपा एवं टेक्निकल ऑफिसर प्रभंजन लुहार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बकौरी, जन. पंचा. मण्डला**

**//बाजार नीलामी सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत बकौरी की साप्ताहिक बाजार को वर्ष 2025-26 के लिये ठेके पर दिया जाना है, जिस के संबंध में ग्राम पंचायत बकौरी द्वारा दिनांक 29/03/2025 को बाजार नीलामी किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति उक्त दिनांक को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बकौरी में उपस्थित होकर बाजार नीलामी शर्तो के आधीन बोली लगाकर साप्ताहिक बाजार ठेके में भाग ले सकते हैं।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| दिलीप सिंह मार्को | नवीन साहू | माधोराम मरकाम |

### गरीबों की सूची में नाम शामिल करा अपात्र ले रहे शासन की योजनाओं का लाभ, सही जांच हुई तो बेनकाब हो सकते है अनेक अधिकारी

**कल्याणपुर।** शासन की योजनाओं में मनमानी करना अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच रखी हुई है, मगर उन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने की जगह इस प्रकार के लोगों को उठाते हुए देखा जा रहा है जो पूर्ण रूप से साधन संपन्न है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है जिनके पास अपने खेतों में नलकूप सहित ट्रेक्टरों से लेकर सभी प्रकार के साधन उपलब्ध है। इस प्रकार से गौर किया जावे तो गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र व प्रभावशाली लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है, जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीब रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है। आम जन द्वारा गरीबी रेखा, अति गरीबी रेखा सूची से अपात्र लोगों के नाम काटने की बात कही जा रही है, जबकि सूची का पुनरीक्षण किए जाने पर पात्र लोगों के नाम जोड़ने की भी मांग की है, यदि यहां की इस सूची की बारिकी से जांच की जावे तो कई एकड़ के कास्तकारो के साथ जिनकी पक्की बिल्डिंग बनी है। मगर उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है, जिसके लिये शासन के आदेशों को ताक पर रखकर ऐसा किया जा रहा है,जबकि ये लोग शासकीय वेतन का भी उपयोग करते है। फिर यही लोग सूची में भी अपना नाम जुड़वा लेतें है। ऐसे कृत्यों की जांच किए जाने की जरूरत है। जबकि पात्र लोगों के नाम प्रकाश में आने पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जिससे गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है, क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है। मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दे रही है। यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जो सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी है और जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूप पानी निकाल रह है। क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में यदि इस बात की जांच की जाए तो ऐसे कई मामले प्रकाश में आयेगें जो लोग अमीरी की दहलीज पर खड़े है वह भी गरीबों के हक को छीनने में लगे हुए है?मजेदार बात यह है कि आज तक प्रशासन यहां के गरीबी रेखा की सूची के पुनरीक्षण कराये जाने की ओर कोई कदम नही उठाया गया, जिसमें गरीबों का हक अमीरों के पास जा रहा है और गरीब भूखों मरने के लिए विवश है। शासन की योजनाओं का क्षेत्र के कई गरीबों को लाभ नही मिल पा रहा है।

### योजनाओं से वंचित कृषक, अधिकारी नही दे रहे ध्यान!

**सडूमर।** वैसे देखा जावे तो सरकारों ने कृषकों के लिए अनेक लाभ कारी योजानायें तैयार की है और कृषको के हित ओर संरक्षण का दावा समय समय पर किया जाता है। लेकिन यह एक सोचनीय पहलू है कि इन योजनाओ का लाभ कृषको तक पहुंचने के पहले ही खत्म हो जाती है? जिसके चलते ऐसा लगता है कि कृषको के हित संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता बढ़ती जा रही? ज्ञातव्य है कि सरकार ने कृषको की सहायता मार्ग दर्शन तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए उन्नत तकनीको से अवगत कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग बनाया है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में कृषकों को विभाग द्वारा जानकारी सुलभ नही कराई जा रही है, जिससे समसामयिक जानकारी कृषकों को नही मिलती है, कृषि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ कृषकों को नही मिल पा रहा है, जिससे उनकी कृषि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, क्षेत्र के कुछ रोषित कृषको ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ साधन सम्पन्न कृषकों को दिया जाता है, जिससे गरीब कृषक शासन की योजनाओं से वंचित रह जातें है, पूर्व में भी अनेको बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियो को ध्यान कृषि विभाग के अधिकारियों की मनमानी कार्यप्रणाली की ओर आकर्षित किया गया था, जिस पर कुछ दिन तो विभागीय अधिकारी चोकन्ने हुए किन्तु धीरे धीरे पुनः उसी चाल में आ गये है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के आकाशवाणी केन्द्रों से ग्राम सभा कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारियां ग्रामीणजनो को दी जा रही है जिसमें इन जानकारियों में सिंचित गेंहू की अधिक पैदावार लेने से गुड, फसल बीमा, जैविक फसल व रबी फसलो का कीटों से बचाव गोबर गैस आदि विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जाती है।


# बिजली खम्बों की सिफ्टिंग के दौरान एक माह के अंतराल से दूसरे मजदूर की मौत ने बिजली विभाग सहित ठेकेदार की उदासीन कार्य प्रणाली को किया उजागर

**मृतक के आक्रोशित परिजनों ने शासकीय चिकित्सालय के सामने किया चकाजाम, एसडीएम सहित उप पुलिस अधीक्षक की सूझबूझ से मामला हुआ शांत, हैरत की बात यह कि मौके पर पूरा प्रशासनिक अमला रहा मौजूद मगर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पहुंचना भी नही समझा उचित ...**

गाडरवारा।







क्षेत्र में बिजली लाईनों की स्थापना की जिम्मेदारी विद्युत विभाग द्वारा जिस तरह निजी ठेकेदारों के हाथों में सौपी गई उसके चलते इन ठेकेदारों द्वारा ग्रामीण मजदूर वर्ग के लोगों से जिस प्रकार हाई पावन लाईनों के खम्बो पर चढ़ाते हुये काम कराया जा रहा है जिसके चलते वह बैमौत मरने से नही चूक पा रहे है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत एक माह के अंतराल से इस तरह बिजली लाईन के खम्बों की सिफ्टिंग के दौरान यह दूसरे मजदूर की मौत ने बिजली विभाग सहित ठेकेदार की उदासीनता को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य को भले की जिनी कंपनी द्वारा किया जा रहा होता है। मगर बिजली लाईनों को बंद करने से लेकर उसे चालू करने की जिम्मा बिजली विभाग में तैनात कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों के हाथों में रहता है और बगैर विभाग की अनुमति के किसी भी व्यक्ति को विद्युत खम्बों पर न तो चढ़ने की अनुमति होती है और न ही अन्य किसी भी प्रकार का कार्य करने की..? मगर क्षेत्र में जिस तरह विद्युत विभाग में कार्यरत जिनी ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को मौत के मुंह में ढाकेला जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद किसी भी गरीब की जिन्दगी का उनके लिये कोई महत्व ही नही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये माह 10 फरवरी 2025 को देखी गई थी उसके बाद उसी क्षेत्र में दूसरी घटना पुनः 22 मार्च 2025 को फिर देखने मिली। बताया जाता है कि गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के चलते सड़क किनारे लगे हुये पुराने बिजली खम्बों को दूसरी जगह स्थापित करने की जिम्मेदार एक निजी ठेकेदार द्वारा लेते हुये दूसरे ठेकेदार पेटी नियम के तहत प्रदान की गई है। इस तरह ग्राम बरेली कठोतिया के समीप चल रहे इस कार्य के लिये ग्राम इमालिया निवासी मजदूर प्रेम नारायण पिता बालराम कौरव उम्र लगभग 48 वर्ष को काम करने के लिये बुलाया गया था। बिजली विभाग के लाईनमेन सहित अन्य मजदूरों की मौजूदगी में जब प्रेमनारायण बगैर किसी सुरक्षा साधनों के 11 के व्ही लाईन पर काम कर रहा था उसी दौरान अचानक बिजली लाईन चालू हो जाने के कारण उसे करेन्ट लग जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस तरह घटित हुई घटना के बाद मौके पर मौजूद लाईन मेन सहित कार्य करना वाला ठेकेदार भी गायब हो गया और मृतक के शव को उसके साथ इस उम्मीद के साथ शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे कि हो सकता है अभी सांस चल रही हो..? मगर नगर के शासकीय चिकित्सालय में डाक्टरों द्वारा प्रेम नारायण को मृत घोषित कर दिया गया। वही शाम होने के चलते मृतक के शव को डाक्टरों द्वारा चिकित्सालय के निर्धारित स्थल पर सुरक्षित रख दिया गया था। इस तरह एक गरीम मजदूर की की खबर मिलते ही जहां ग्राम सहित परिजनों में रोष फैल गया तो दूसरी ओर स्थिति को ध्यान में रखते हुये पुलिस के अधिकारी भी मामले पर पैनी नजर रखे हुये थें। घटना के दूसरे दिवस जब पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनाम बनाते हुये पोस्ट मार्टम कराने के बाद मृतक के परिजनों को शव सौपना चाहा तो आक्रोशित परिजनों से शव लेने से इंकार करते हुये कार्यवाही की मांग करते हुये शासकीय चिकित्सायल के सामने मुख्य मार्ग पर चकाजाम कर दिया गया। इस तरह आक्रोशित लोगों द्वारा चकाजाम किये जाने की खबर मिलते ही मौके पर अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा तहसीलदार प्रियंका नेताम सहित डोगरगांव थाना प्रभारी उमेश तिवारी, सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक सहित जिला मुख्यालय से भारी पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया। परिजनों द्वारा मांग की जा रही थी कि जब तक बिजली विभाग के अधिकारी तथा ठेकेदार मौके पर नही आते है तब तक हम लाश को नही ले जावेगे। इस तरह कानून स्थिति बिगड़ते हुये देख मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाने के लिये अनेको बार फोन लगाया गया मगर न तो वह फोन उठा रहे थें और न ही आने के लिये तैयार हो रहे थें। इस तरह पुलिस प्रशासन की टीम जहां इस मामले को शांत कराने के लिये एक दिन पहले से ही लगी हुई थी तो दूसरी ओर तहसील स्तर के प्रमुख अधिकारी भी शासकीय चिकित्सालय में मौजूद रहते हुये बिगड़ती हुई स्थिति को काबू में लगाने का प्रयास करते हुये देखे जा रहे थें। मगर बिजली विभाग के अधिकारी अपने बगलों से निकलकर आने के लिये तैयार नही होने के चलते लोगों में और आक्रोश फैल रहा था। बिजली विभाग के इस रवैये के चलते जब अनुविभागीय अधिकारी कलावत व्यारे में अपना सख्त रवैया अनाया गया तक बड़ी मुश्किलों से 11 बजे के लगभग बिजली विभाग के अधिकारी अपने कपड़ो में सेन्ट मेन्ट लगाते हुये पहुंचे...? मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारी पटैल के समक्ष जब मृतक के परिजनों के बीच अधिकारियों द्वारा चर्चा कराने का प्रयास किया गया तो पहले तो बिजली विभाग के अधिकारियों को यह बात कहते हुये सुना गया कि मृतक का हमारे विभाग से कोई लेना देना नही है। क्योंकि वह जिसके यहां कार्य कर रहा था वह निजी ठेकेदार है और यह पूरा कार्य लोक निर्माण विभाग के कहने पर किया जा रहा है..? यह बात सुनते ही मौके पर बनती हुई बात फिर बिगड़ते हुये दिखाई देने से नही चूकी..? क्योंकि मृतक के साथ कार्य करने वाली अन्य मजदूरों द्वारा बताया कि जब घटना घटित हुई थी उस दौरान मौके पर बिजली विभाग का लाईन मेन भी मौजूद थें और प्रेम नारायण खम्बे पर चढ़कर कार्य कर रहा था तो लाईनमेन के कहने पर ही बिजली सप्लाई चालू की गई थी जिसके चलते प्रेम नारायण को करेन्ट लगने से उसकी मौत हुई जब कही बिजली विभाग के अधिकारी इस घटना को बिजली विभाग की गलती महसूस करते हुये दिखाई पड़..? इस प्रकार घटना के दूसरे दिवस यानि की रविवार को नगर के शासकीय चिकित्सालय में सुबह 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक लगातार हंगामा की स्थिति बनी रही। मगर इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों से आक्रोशित लोगों सहित पीडित परिवार मांगों को पूरा करने की बात कही गई तो बिजली विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को इस बात का पत्र लिखकर दिया गया कि दिनांक 22 मार्च 2025 को ग्राम बरेली में कान्हरगांव डीएल और बरेली एजी फीडर पर घटित घातक विद्युत दुर्घटना जिसमें प्रेमनारायण कौरव की मृत्यु हो गई है तत्संबंध में विद्युत विभाग आपको अवगत कराना चाहता है कि जमाड़ा मुख्यालय में पदस्थ लखन लाल खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है एवं विभागीय जांच के आदेश कार्य पालन अभियंता द्वारा कर दिये है। उक्त कार्य पीडब्लूडी विभाग के द्वारा कराया जा रहा था जिनके ठेकेदार शैलेन्द्र पेठिया एवं पेटी कान्टेक्टर राम रतन शर्मा द्वारा कार्य कराया जा रहा था, विद्युत विभाग द्वारा जांच रिर्पोट तैयार कर जांच उपरांत 4 लाख रूपसे मुआवजा राशि जल्द प्रदान कर दी जावेगी। इसके आलवा पीडित को सहायता हेतु राम रत्न शर्मा से चर्चा की गई तो पांच लाख की आर्थिक सहायता एवं लाईन मेन द्वारा भी पांच लाख की आर्थिक सहायता का भरोसा दिया गया है जिसे शीघ्र प्रदान की जावेगी। इस प्रकार से अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को 14 लाख रूपया की राशि का पूरे भरोसे से लिखित पत्र सौपा गया। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा भी भरोसा दिलाया गया कि मर्ग जांच के दौरान उस मामले में जो दोषी पाया जावेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। इसके बाद मृतक के परिजन शव को लेकर अपने घर रवाना हुये और नगर की बिगड़ती हुई कानून स्थिति सामान्य हुई। इस घटना में देखा गया कि पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर पूरा पुलिस प्रशासन अनुविभागीय अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहते हुये मामले को शांति पूर्वक निपटाने का प्रयास सुबह से ही करते हुये देखे गये। मगर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा जिस तरह दोपहर 11 बजे के बाद मौके पर आना हुआ उससे बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा इस कार्य को लोक निर्माण का बताया जा रहा है तो फिर इस विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर आना तक उचित नही समझा गया वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा कहा जा रहा है कि यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा एक ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है तो फिर इस घटना का जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही माने जावेगे..। इस सच्चाई तो पुलिस जांच के बाद ही उजागर हो पायेगी..? मगर सबाल यह है कि आखिकार इस तरह लापरवाही लोगों के चलते गरीब मजदूरों की मौत का सिल सिला कब तक जारी रहेगी..?

## मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित विशाल संत सम्मेलन में उमड़ रही भीड़, आज निकाली जावेगी भव्य शोभा यात्रा

गाडरवारा



नगर में जहां सत्यपाल महाराज के महात्मा हरिद्वार से पधारे महात्मा सुजाता बाई एंव महात्मा महादेवी बाई व महात्मा सुश्री निरंजना बाई का स्वागत फूल गुच्छ से किया गया। वहीं धर्मप्रेमी जनता को अपनी अमृतवाणी के द्वारा बताया कि मनुष्य जीवन में 84 लाख योनियों के बाद मनुष्य का जन्म मिलता है। आत्मज्ञान तत्वज्ञान के साथ को समझाते हुते बताया कि चारों तरफ से ध्यान हटाएं हुये सत्संग की गंगा मैं नहाये और गंगा मैं नहाने से शरीर धुलता है और सत्संग मैं नहाने से मन से निर्मल हो जाता है। मन से सत्संग मैं नहाने से जब सत्संग सुनने से भगवान के चरणों मैं आज मनुष्य एक दूसरे से इतना ईष्सा कर रहा है। प्रेमी सज्जनो हमारे संतों ने कहा हे सत्संग से ही हम अपने मन के अहंकार ईष्सा द्वेश छल कपट बेईमान को त्याग सकते हैं और प्राण शक्ति है जोवहीं काली काली मैं निशाचर है जो मानव के जब मन के अंदर लालच नहीं करना चाहिए। राम जी क्या कह रहे हैं रघुपति सुनो एक भगति करना है। पढ़ाई जन्म जनतुराई मां की जय जैसे भक्ति देना। भगवान कहते हैं मेरा नाता नहीं है मन पढ़ाई के लिए किसी ने विशाल मंदिर बना दिया पत्थर पर लिख दिया जो धर्म पर चलता है ना वह कभी मन पढ़ाई के चक्कर में नहीं पड़ता है। भगवान को मानने वाले एक बार भगवान को जान जाएंगे ना जाएंगे इतना प्रेम था और भगवान को शिवरी से प्रेम क्यों किया उसने क्या सुंदर थी इच्छा नहीं करता था। इस तरह चल रहे तीन दिवसीय आयोजन में लोगों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है।

## ग्राम बसुरिया गौशाला में मां रेवा गौसेवा समिति ने आयोजित की गौमाता व्याख्यानमाला



**सालीचौका।** समीपस्थ ग्राम बसुरिया गौ शाला मैं गौमाता व्याख्यान माला का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सर्व प्रथम सरस्वती जी एवं गौमाता कि पूजन की गई,कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू महाशक्ति संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश लोधी , जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई अहिरवार , जनपद पंचायत सदस्य विनिता मेहरा , समाजसेवी गौ सेवक गोलू गुप्ता , वृक्ष मित्र संस्था के संस्थापक योगेन्द्र सिंह, वागेश्वरी साहित्य परिषद् दीपक गुप्ता म.प्र. जन अभियान परिषद् नवांकुर संस्था से रामेश्वर वर्मा, लीलाधर लोधी मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कमलेश सिलोकिया द्वारा एवं स्वागत मुकेश नगपुरिया उप सरपंच प्रतिनिधि ने फूलमाला तिलक लगाकर किया गया।

वही बागेश्वरी साहित्य परिषद की नन्ही कवियत्री मनु गरिमा विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी आगाज किया इसके पश्चात काव्य गोष्ठी संचालन संतोष अग्रवाल सागर ने गौमाता से परिपूर्ण कविताएं रचानाओं का पाठ किया व परसोत्तम मुख्तयार ने गौ संरक्षण पर गौ माता की पुकार गौ माता रोए रही सुनाकर सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया था। वही वागेश्वरी परिषद् संस्थापक दीपक गुप्ता ने गौमाता के वर्तमान परिवेश का चित्रण किया गया। वही बागेश्वरी साहित्य परिषद् अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा अपनी ग़ज़लों के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता राजेश लोधी जिला अध्यक्ष आसना पत्रकार संगठन ने अपने उद्धबोधन में गाय माता को लेकर बताया कि वर्तमान समय में गाय माता की दुर्दशा पर बात रखते सभी वर्ग से कहा कि कुछ समय अपनी गौमाता के लिए निकालने की जरूरत से अवगत कराया गया। वही जनपद अध्यक्ष श्रीमति राधाबाई ने गौमाता पर अपने विचार रखें वही जनपद पंचायत सदस्य विनिता मेहरा ने गाय माता पर कविता का पाठ किया वही वृक्षमित्र संस्था योगेन्द्र सिंह ने विश्व गौरैया दिवस पर नन्हीं सी चिड़िया के विलुप्त होती जा रही है जिसे बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर पर अपने विचार व्यक्त किये गये। वही ग्राम सरपंच कमलेश सिलोकिया ने बताया कि गौशाला संचालित करने में एवं ग्राम को आर्दश ग्राम के लिए सभी के सहयोग की बात कही गई।

## ॐ नमः शिवाय मंत्र के महत्व से केशव गिरी महाराज ने कराया अवगत, शिव महापुराण एवं अखंड जी धूनी के दर्शन करने पहुंचे शिक्षा मंत्री




**सांईखेड़ा।** आजीवन परिक्रमा वासी संत शिवानंद महाराज के सानिध्य में दादाजी धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा में चल रही 21 दिवसीय शिव महापुराण कथा में कथा व्यास केशव गिरी महाराज द्वारा बताया गया की शिव के 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप किसी भी समय किया जाता है। जप हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके करना चाहिए। ग्रंथों में श्रावण माह का महत्व बताते हुए कहा है कि जो व्यक्ति इस माह में सच्चे मन से शिव की आराधना और मंत्रों का जाप करता है उसे वर्ष भर किए उपवासों से कई गुणा पुण्य की प्राप्ति कर लेता है। भगवान शिव का वार सोमवार माना जाता है। मान्यता है कि सोमवार के दिन शिवलिंग पर गाय का कच्चा दूध चढ़ाने एवं रुद्राक्ष की माला से ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप 108 बार करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव जी की पूजा का सर्वमान्य पंचाक्षर मंत्र 'ॐ नमः शिवाय', जो प्रारंभ में ॐ के संयोग से षडाक्षर हो जाता है, भोलेनाथ को अति प्रिय है। यह मंत्र शिव तथ्य है जो सर्वज्ञ, परिपूर्ण और स्वभावतः निर्मल है। इस मंत्र के जप से शीघ्र ही भोले नाथ की कृपा प्राप्त हो जाती है।

## सांईखेड़ा में लग रहे जाम को लेकर उदासीनता बरत रहा प्रशासन, किसी दिन घटित हो सकती है बड़ी घटना

सांईखेड़ा



इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा को जहां ग्राम पंचायत से नगर पंचायत व तहसील का दर्जा मिल जाने के कारण अब इस कसबा ने बड़ा रूप धारण तो कर ही लिया गया है। वही देखा जावे तो यहां से प्रदेश स्तर के मार्ग का निर्माण होने के बाद स्थिति इस प्रकार से हो गई है कि अब इस क्षेत्र से बड़े वाहन निकल रहे है, क्योंकि मार्ग का नगर के अंदर से निकलने का यह परिणाम है कि आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता चला जा रहा है, वही नगर के अंदर से निकले हुए मार्ग चलते जहां आये दिन जाम की स्थिति निर्मित तो हो ही रही है। इतना ही नही यहां से बड़े वाहनों के 24 घंटे निकलने से आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे के घंटी भी बजते हुए देखी जा रही है? क्योंकि जब से सांईखेड़ा उदयपुरा जाने वाले मार्ग के बीच नर्मदा नदी पर पुल का निर्माण हुआ है उस समय से यहां से जिस प्रकार के वाहन गुजर रहे है उसके कारण इन वाहनों का नगर के मध्य से निकलना खतरे से खाली नही है? क्योंकि इसी मार्ग पर जहां तहसली कार्यालय पड़ता है, वही दूसरी ओर जनपद कार्यालय होने के साथ साथ साप्ताहित बाजार भी सड़क किनारे लगने के कारण लोगों की जिन्दगी के लिए आये दिन खतरा साबित हुए हुये जान पड़ रहे है। इतना ही नही इस सड़क से इस प्रकार से बड़े वाहनों के निकलने के कारण सड़कों की दुर्गति भी होते हुए देखी जा रही है? इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए नगरवासियों द्वारा बच्चों के स्कूली समय तथा साप्ताहिक बाजार के दिवस पर नगर के मध्य से गुजरने वाले बड़े वाहनों के निकलने पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है, मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा नगरवासियों की मांग को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है?

## पोषण आहार में बच्चों की जगह अधिकारी भगा रहे अपना कुप्रोषण, अभिभावकों को पता ही नही की किस दिन क्या मिलता है बच्चो को..?

**गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीचली में महिला बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही अनेक जन हितैषी योजना के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवो में देखा जावे तो वह लगातार पिछड़ रहें है। इस क्षेत्र मे संचालित अधिकांश सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के चलते इतनी फजीहत में है कि शासन की मंशा कही से किसी कीमत मे पूरी होती नही जान पड़ रही है। आमजन का आरोप है कि ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों पर सफेद पोषधारियों की कृपा दृष्टि के चलते भ्रष्टाचार ने सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को ऐसा पलीता लगाया कि योजनाये जहां दम तोडते हुये जन आ रही है और जिम्मेदार अधिकारी जरूरी माला माल होते हुये देखे जा रहे है...? वही दूसरी ओर आमजन से लेकर पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ पाने वाले भटकते हुए देखे जा रह है..? क्षेत्रवासियों का आरोप है कि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की उन तक तब जानकारी बहुंचती है जब या तो वह पूरी हो चुकती है, फिर उनमें आई राशि खत्म हो जाती है। ऐसी एक नही अनेक योजनाएं है,जिनका कागजों से हटकर हकीकत में आम लोगों को लाभ मिलना चाहिए,मगर नही मिल पा रहा है, जिसमें अनेक तो महिला बाल विकास के हबाले से जो भ्रष्टाचार व अनियामितताओं का शिकार है? पोषण आहार योजना की जो दुर्दशा जिसमें प्रकार से शहरों में हो रही है,उसे देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों मे इस योजना का क्या हाल होगा...? हरिभूमि टीम ने जब ग्रामीण क्षेत्र के पोषण आहार केन्द्रों और कुछेक आंगनवाड़ी केन्द्रों से जानकारी एकत्र की गई तो पता चला कि माहिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजना भ्रष्टाचार के चलते असफल साबित हो रही है...? जबकि शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में अध्यन करने वाले बच्चों के नियम अलग अलग दिन के हिसाब से खाना मिलना चाहिए। मगर अनेक बच्चों के अभिभावकों को पता नही है

## जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रसफुटन समिति ने विश्व जल दिवस पर किया बोरी बंधान



**सांईखेड़ा ।** जल संरक्षण को लेकर चलाई जा रही मुहिम के चलते बीते हुये दिवस ग्राम विकास प्रसफुटन समिति सेठान ने ऊमर नदी तट सेठान घाट पर जल संरक्षण सम्वर्धन तहत विश्व जल दिवस के अवसर पर सुतीक्क्ष्णदास महाराज ने वेदिक विधि विधान से मंत्रोचारण कर पूजन अर्चन कर सभी सदस्यों की उपस्थति में बोरी बंधान एवं श्रमदान किया गया। बताया जाता है कि जन अभियान परिषद सेक्टर क्रमाक 1 नवांकुर संस्था तूमडा व्लाक साईखेडा के तत्वाधान में जिला समनव्यक जयनारायण शर्मा के निर्देशानुसार एवं व्लाक समनव्यक कुलदीप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था तूमडा अध्यक्ष राकेश खेमरिया के संयोजन से ग्राम विकास प्रसफुटन समिति सेठान से राम मंदिर महंत सुतीक्क्ष्णदास नितिन तिवारी सत्यनारायण तिवारी, लकी दीक्षित, राजेन्द्र शर्मा, स्वप्निल सोनी ,ज्योति नाथ ग्राम विकास प्रसफुटन समिति पिटरास नवांकुर संस्था महुआखेडा से सत्यपाल राजपूत, मुन्ना लाल, चिंकु दीक्षित, देवी सिंह नौरिया, लाल जी प्रजापति, अनिल प्रजापति द्वारा बोरी बंधन किया गया।

# मनोरी के ग्रामीण झिरिया एवं नाला का गंदा पानी पीने हो रहे मजबूर

## शासन के लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद नल जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम मनोरी में शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीणों को शुद्ध पानी प्रदाय करने हेतु नल जल योजना के तहत पानी टंकी एवं पाईप लाईन बिछाई गई हैं।

अमरपुर।

परन्तु आज भी ग्रामीणों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा हैं। जिसमें ग्रामीणों को झिरिया एवं नाला के गंदे पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि पानी टंकी एवं पाईप लाईन तो एकाध वर्ष पूर्व बन कर तैयार हो चुका हैं। फिर भी अभी तक हमें पानी नहीं मिल पा रहा हैं। जिससे मजबूरन झिरिया एवं नाला का पानी पीना पड़ रहा हैं। जिससे हमारे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। वहीं पर पीएचई विभाग के इंजीनियर का कहना हैं कि गांव बड़ा हैं 8-9 किलोमीटर पानी पाईप में ही रूक जा





रहा हैं। मैं आपरेटर को बोल दिया हूं कल या परसो आकर देख लेगा शुरू करवा देते हैं।

## महिलाओं ने बोली लगाकर अमरपुर बाजार वसूली का लिया ठेका

# सीसीएल राशि से अमानत राशि की जमा



अमरपुर।

अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भाखा के ग्राम डुंगरिया में संचालित दुर्गा मैया स्व. सहायता समूह के महिलाओं ने साहसिक कदम उठाते हुए साप्ताहिक बाजार में वसूली का ठेका 6 लाख 3 हजार में अंतिम बोली लगाकर वसूली का अधिकार ग्राम पंचायत अमरपुर से प्राप्त किया। महिलाओं को चूल्हा और घरेलू कामकाज से बाहर निकाल कर लखपति की श्रेणी में लाने के प्रयास सरकार निरंतर विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर लगातार करते चली आ रही हैं। इसी क्रम में अमरपुर ब्लॉक की महिलाओं ने बाजार बैठकी की वसूली का जिम्मेदारी लेकर साहस दिखाया हैं। जोकि मध्य प्रदेश में महिलाओं को लखपति बनाने की दिशा में रचनात्मक पहल कर नवाचार किया गया हैं। दुर्गा मैया स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष रानी बाई बर्मन ने बताया कि बाजार बैठकी वसूली का व्यवसाय पुरुष प्रधान हैं। लेकिन हम सभी महिलाएं स्थानीय हैं तथा हमारे पति भी इस कार्य में हमारा सहयोग करेंगे। अमरपुर क्षेत्र में बहुत पुराना और बड़ा बाजार हैं। अंग्रेजों के समय से यह बाजार लग रहा हैं। वर्षभर सैकड़ों दुकान लगती हैं, हमें इस कार्य से लाभ प्राप्त होगा। ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश कुमार सोनवानी ने बताया कि समूह द्वारा नगद एक लाख जमा कर दिया गया हैं। सोमवार को समूह द्वारा 2 लाख एक हजार पांच सौ रुपए शेष राशि जमा करने पर एग्रीमेंट करके अधिकार पत्र ठेका का प्रदान किया जाएगा। बोली 6 लाख 3 हजार में बंद हुई हैं। इस बोली में समूह की सभी सदस्य रानी, सरोज, मायावती, उर्मिला सोनवानी, सोमवती, देवकी बाई, रानी देवी, फूलाबाई, अमरवती बाई की उपस्थिति रही।

## अधिवक्ता संघ शहपुरा के अध्यक्ष पद पर चौथी बार निर्वाचित हुए अधिवक्ता दयाराम साहू





### निर्वाचन प्रक्रिया के तहत संघ के कई जिम्मेदार पदों का भी निर्वाचन सम्पन्न हुआ

शहपुरा

अधिवक्ता संघ शहपुरा के विद्वान अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर नवीन कार्यकारणी का निर्वाचन किया, निर्वाचन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता आर के पाठक एवम सहायक निर्वाचन अधिकारी एन एल गुप्ता के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता दयाराम साहू अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार विजयी हुए।

वहीं संघ के जिम्मेदार पदों पर उपाध्यक्ष अधिवक्ता अमित गुप्ता, सचिव अधिवक्ता राजेश पाल, सह सचिव जागेश्वर पड्वार, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, अंकेक्षक एवन गौलिया, पुस्तकालय प्रमुख अभिषेक सोनी निर्वाचित हुए। आपको बता दें अधिवक्ता संघ के नियमानुसार प्रत्येक दो वर्ष में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। श्री दयाराम साहू चौथी बार शहपुरा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।अधिवक्ता संघ के साथियों सहित इष्ट मित्रों, क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए।



## श्री शिव मारुति मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

**अनूपपुर।** हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी वार्ड क्रमांक एक स्थित प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में तेजी से चल रही है। ज्ञातव्य हो कि इस बार 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन होने जा रहा है। यह भव्य उत्सव 12 अप्रैल को श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर, अनूपपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

**शोभा यात्रा की भव्यता बनेगी आकर्षण का केंद्र**

इस भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आस- पास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। इस महा योजना को देखते हुए पूरे अनूपपुर में विशेष तैयारी की जा रही है। 12 अप्रैल को जिले भर के बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। ताकि सभी लोग इस भव्य शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। रातः 9.00 बजे विशेष पूजा, 12.00 बजे से भंडारा, 4.00 से भव्य शोभा यात्रा, बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन, राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

**जिले में हर्षोल्लास का माहौल**

हनुमान जन्मोत्सव के इस तैयारी से जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके। अनूपपुर जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर द्वारा यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई हैं।

# 10 लाख की चोरी का 100 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

## नगर में लगातार हो रही चोरियां, मंदिर भी कबाड़ चोरों के निशाने पर

कोतमा।

नगर में लगातार हो रही चोरी की वारदातें पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता के चलते सूने घरों, दुकानों, निर्माण स्थल के अलावा मंदिरों को भी चोरों की गैंग निशाना बना रही हैं। हालांकि कुछ मामलों में पुलिस को सफलता भी मिली है लेकिन बड़ी चोरियों में पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं जिसमें नगर के व्यापारी विपुल गोयनका के गोदाम में एक माह के भीतर दो बार हुई 10 लाख की चोरी शामिल है। वहीं वार्ड क्रमांक 13 लहसुई कैंप निवासी प्रदीप मिश्रा के घर भी हुई 5 लाख से ज्यादा की चोरी हो चुकी है। दोनों चोरियों में 100 दिन बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस पुरानी चोरियों का खुलासा कर नहीं सकी की फिर से नई चोरी की वारदातें सामने आ जाती हैं। एक सप्ताह पूर्व ही बुढ़ानपुर रोड में नीरज सिंह के घर में चोरों द्वारा कैमरे लगे होने के बाद भी सेंटर लाक सहित कई ताले चटकाते हुए घरेलू सामग्री को पार कर दिया गया। फरियादी के द्वारा रिपोर्ट के साथ चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज दिए जाने के बाद भी पुलिस अब तक किसी चोर को पकड़ नहीं पाई है। एक दर्जन से ज्यादा चोरी के अलावा चोलना निवासी महिला से सारे राह बस स्टैंड में गले से चेन लूट का मामले भी पुलिस भूल चुकी हैं। सुरक्षित नहीं नगर के मंदिरः नगर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित तीन मंदिर भी



सुरक्षित नहीं रह पाई। चोरों द्वारा मंदिर में रखे दान पेटी में रखें नगदी सहित सोने चांदी के गहने भी चोरी कर ले गए। नगर के प्रसिद्ध शारदा काली मंदिर में चोरों ने दो बार चोरी की वारदात कर पुलिस एवं सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोल कर रख दी है। घटनास्थल के पास ही लंबे समय से अवैध कबाड़ का बड़ा अड्डा संचालित है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर में भी शंकर मंदिर में चोरों ने मंदिर का गेट तोड़ते हुए घंटी पूजा के बर्तन चोरी कर ले गए। मंदिर में चोरी से नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया था। वहीं दूसरी ओर घटनास्थल के पास ही दो नामी कबाड़ियों के दुकान लंबे समय से गुलजार चल रहे हैं। इसी प्रकार बस स्टैंड के समीप गणेश मंदिर में चोरों ने मंदिर का गेट तोड़ते हुए उसे कबाड़ में खपा दिया इसके बाद मंदिर समिति के लोगों द्वारा नाराजगी एवं कार्यवाही की मांग करने के बाद भी चोर के पकड़े जाने के बाद भी आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही की गई एवं कबाड़ी पर भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो सकी पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना की पुलिस को सक्रिय रहने के साथ मुस्तैदी से गस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं लेकिन इसका असर नहीं हो रहा है। नगर में यह भी जन चर्चा है कि कुछ चाटुकार एवं दलाल नुमा व्यक्ति सुबह से लेकर देर रात तक थाने में डेरा जमी रहती हैं और इसे स्थानीय पुलिस गिरी रहती है। नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## दो दिवसीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न

# निकली भव्य शोभायात्रा, जस्टिस पीसी गुप्ता का हुआ अभिनंदन

अनूपपुर।

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक 22 एवं 23 मार्च मां नर्मदा उद्गम स्थल अनूपपुर जिला मुख्यालय में संपन्न हुई। दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व कुलदेवी माता महालक्ष्मी के पूजन एवं सामूहिक वैश्य गौरव गान के साथ किया गया, प्रथम सत्र मे डिजिटल इंडिया की तर्ज पर प्रदेश में लाखों की संख्या में सदस्य बनाने के विषय में विचार विमर्श कर नए सदस्य को सुगमता से डिजिटल सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया गया, दोपहर 2 से 3 भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र में मंचासीन प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा सभी व्यापारी बंधुओ को टैक्स जीएसटी आयकर के विषय में विस्तृत जानकारी दी, प्रदेश भर से आए हुए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ संगठन को और गतिशील बनाने के विषय गहन मंत्रणा की गई, इसी बीच कार्यक्रम शामिल हुए जस्टिस पीसी गुप्ता का अभिनंदन किया गया, साथ ही गीता गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका अमलाई, सुनील चौरसिया अध्यक्ष नगर। पालिका डूमरकछार का भी मंचासीन अतिथि द्वारा सम्मान किया गया बैठक के प्रथम सत्र समापन के उपरांत वैश्य बंधुओ द्वारा माता की मडिया मे एकत्रित होकर माता की पूजा अर्चना कर सैकड़ो की संख्या में शोभायात्रा निकाली गई ल,



शोभायात्रा स्टेशन चौराहे से बाजार होते हुए अनूपपुर बस स्टैंड से होकर शिव मारुति मंदिर समतपुर के हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा का समापन किया गया, शोभा यात्रा के दौरान शोभायात्रा में चल रही है मात्र शक्तियों एवं वैश्य बंधुओ पर फूलों की वर्षा के साथ जमकर आतिशबाजी की, बाजार में कई स्थानों पर व्यापारियों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी, सामतपुर तालाब के पास चौपाटी में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुधीर अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश रहे उनके आशीर्वाद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदेश संरक्षक मार्गदर्शक उमाशंकर गुप्ता के लगातार सतत मार्गदर्शन में यह संगठन मध्य प्रदेश की प्रत्येक तहसील एवं लगभग 23 हजार ग्राम पंचायत तक पहुंच चुका है, संगठन को आज से कुछ वर्ष पूर्व प्रदेश के कुछ वैश्य विरोधी संगठन तोड़ने तथा टांग खींचने का काम करते थे, आज यह उनके लिए मुंह में तमाचा है। संगठन में समाज के विभिन्न घटकों के सकारात्मक सोच के व्यक्ति आपस में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के बैनर तले निरंतर प्रदेश में रक्तदान, पर्यावरण की सुरक्षा, सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों का सामूहिक आयोजन, निरंतर अनेक सेवा कार्य पूरे प्रदेश में निरंतर गतिशील है, महिला इकाई के द्वारा पगड़ी पहनकर, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण के द्वारा अभिनंदन किया गया। इस बैठक में संगठन के सूत्रधार उमाशंकर गुप्ता ने आयोजन में पधारे जस्टिस पीसी गुप्ता का पूरे सदन की ओर से अभिनंदन किया, जस्टिस ने कहा कि उमाशंकर गुप्ता ने जो यह वटवृक्ष बनाया है हम सभी को मिलकर इस सिंचित करते रहना है, संगठन के प्रति समर्पित रहते हुए जिन्हें संरक्षण की जरूरत है, जो जरूरतमंद है उनकी भी मदद करना है,

### बैठक के रहे प्रमुख मुद्दे

बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक विषयों पर गहन चर्चा की गई, जिसमें निम्नलिखित बिंदु शामिल हैं। समाज की भूमिका और वैश्य समाज की सामाजिक जिम्मेदारियों और उनके योगदान पर मंथन।

## खबर संक्षेप

### पोषण के साथ पढ़ाई भी के तहत 24 मार्च से प्रारम्भ होगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**न्यूज।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 02 चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रथम चरण में 03 दिवसीय एवं द्वितीय चरण में 02 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 24 मार्च से प्रारम्भ हो रहे प्रथम चरण के तहत 19 बैच के माध्यम से 1869 आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण केलेण्डर निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्री स्कूल शिक्षा पर जोर देते हुए, सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर सबसे पहले आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 19 बैच के माध्यम से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च से प्रारम्भ होगा, जिसमें नव चेतना आधारशिला एवं वर्क बुक के माध्यम से बच्चों की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, इसके लिए जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 19 बैच में विभाजित कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उक्त प्रशिक्षण के लिए पूर्व में ही परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की ट्रेनिंग निपसिड इंदौर में हो चुकी है। यह मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे, प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग के लिए भोपाल स्तर से अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी करेंगे। उक्त प्रशिक्षण के लिए समस्त व्यवस्थाओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यात्रा भत्ता भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण ऑडियो वीडियो की तकनीक के माध्यम से दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए जिले के समस्त 19 प्रशिक्षण हॉल की तैयारी की जा रही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सत्र में अपने साथ लो कॉस्ट नो कॉस्ट सामग्री की सूची में से कम से कम 5 वस्तुएँ साथ लाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे खिलौने एवं शिक्षण सामग्री तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। समस्त प्रशिक्षण कोर्स डायरेक्टर के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगें, जोकि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सपन्न करना सुनिश्चित करेंगें।

### संजय कुमार सोनी को मिली अधिवक्ता की उपाधि

**अनूपपुर।** अखिल भारतीय विधि परिषद का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे अनूपपुर से संजय कुमार सोनी ने प्रथम प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण अधिवक्ता की उपाधि प्राप्त कर ली। अधिवक्ता संजय कुमार सोनी ने बधाईदाताओं सहित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### अनूपपुर में स्वयंसेवकों का गुणवत्तापूर्ण पथ संचलन संपन्न

**अनूपपुर।** देश का सनातन समाज यह कभी नहीं कहता कि हिन्दू धर्म की जय हो। हम कहते हैं कि धर्म की जय हो, प्राणियों मे सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। ऐसा पवित्र भाव, ऐसी पवित्र कल्याणकारी प्रार्थना केवल सनातन धर्मावलम्बी ही करते हैं। जिला मुख्यालय अनूपपुर मे स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में स्वयंसेवको के दो दिवसीय शारीरिक प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग उपरांत रविवार 23 मार्च की शाम संघ के शहडोल विभाग सह कार्यवाह अनूप ने उपरोक्त विचार व्यक्त किये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला अनूपपुर के शारीरिक प्रधान कार्यक्रम में दायित्ववान प्रशिक्षित स्वयंसेवको, कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जिला, खण्ड, नगर के दायित्ववान स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोगों ने गुणवत्ता पूर्ण पथसंचलन मे शामिल होकर उत्कृष्ट और अनुशासित पथ संचलन द्वारा यह संदेश दिया है कि संगठन मे ही शक्ति है, इस भाव को लेकर हम सब चलते रहते हैं और स्वयं अब जागकर हमको जगाना देश है अपना की भावना से कार्य करते हुए हम यह ध्यान देते हैं कि साथ खड़ा स्वयंसेवक कदम से कदम मिला कर चल रहा है या नहीं। हमारे बगल मे साथ चल रहा व्यक्ति हमारा भाई है, जब यह पवित्र भाव मन में होगा तो सभी एकसाथ आगे बढेगें और तब राष्ट्र निर्माण होता है।

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई की कार्यकारिणी घोषित

**नरसिंहपुर।** एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकस के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, प्रदेश कांग्रेस सचिव मनीष राय, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल चौरसिया, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल की सहमति से जिला एन एस यू आई अध्यक्ष ईशान राय ने संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष - आयुष चैकसे, समर्थ राजपूत, निकेत कौरव, ध्रुव बड़कुर, जय प्रताप सिंह राजपूत, जिला महासचिव विकास कौरव, हर्षित नेमा, नमोकार जैन, अभिषेक गुप्ता, जिला सचिव निखिल सराठे, अंकित राय, रितिक शर्मा, आशुतोष पटेल, भैयाजी वैष्णव, इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी बनाए गए हैं साथ ही कार्यकारिणी में 35 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 24 मार्च को प्रात 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराये गये ऋण वितरण एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों एवं फर्मों के द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार रोजगार उपलब्ध कराये जावेंगे। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने व्यापक प्रचार- प्रसार करने के लिए शिक्षक संस्थानों से कहा है। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जिले की विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कम्पनी शोरूम एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थाओं के लिए कर्मचारियों की आवश्यक है, वह भी मेला स्थल पर अपना स्टॉल लगाकर आवश्यकतानुसार चयन कर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### जमीनी विवाद को लेकर दी शिकायत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम उसरी निवासी महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर मेरे जेठ द्वारा परेशान किया जा रहा है जिसपर महिला द्वारा कार्रवाई मांग की गई है।

### नहीं रहे सुनील उदेनिया



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के रेवा नगर निवासी सुनील उदेनिया को भोपाल मे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। आप पंकज , पवन, प्रवीण, पत्रकार प्रभात उदेनिया के पिता थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### नसबंदी शिविर आज

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 24 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा में महिला एवं पुरूष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है।

### महिला ने खाया जहर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस अज्ञात कारणों से महिला द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र स्टेशनगंज अंतर्गत महिला खेत में काम करने के लिये गई हुई थी जहां पर पानी पीने गई हुई थी तथा धोखे से कीटनाशक युक्त बर्तन मे पानी पी लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना मे महिला घायल

**नरसिंहपुर।** गत दिवस गाडरवारा से करेली आ रही महिला सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कौशल्या बाई पति मदन सेन उम्र 50 वर्ष निवासी थरेरी अपने बेटे के साथ गाडरवारा से करेली आ रही थी तभी करेली शुगर मिल के पास चलती

---

### एसपी ने देर रात किया थाने व रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, त्यौहारों पर चौतरफा सजग रहने थानेदारों को दिए निर्देश

# पुलिस का अपराधों को रोकने पर विशेष जोर, दिखी सक्रियता







हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**जिले मे आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिये पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है । वही पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देकर कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।**

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा निरंतर पुलिस की कार्रवाई व गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है तथा बीती रात पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टेशगंज थाना का औचक निरीक्षण कर थाना प्रभारी से चर्चा की तथा रेलवे स्टेशन पर भ्रमण कर मौका स्थिति का मुआयना किया तथा औचक निरीक्षण एवं रेलवे स्टेशन का भ्रमण, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही एवं क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये सख्त निर्देश।

#### पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान

जिले में पुलिस द्वारा माफियाओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का खौफ उत्पन्न कराना एवं आम नागरिक को पुलिस की उपस्थिति का सुखद अहसास कराना है। अभियान के तहत जिला अंतर्गत स्थायी फरारी गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के साथ. साथ जिला बदर अपराधियों की औचक चेकिंग करना इसी के साथ-साथ थानों में लंबित गंभीर अपराधों के आरोपियों की तलाश करना है, अवैध कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु असामाजिक तत्वों की धरपकड़ की जा रही है।

#### अपराधों को रोकने हेतु सख्त निर्देश

थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जिने स्थानों पर नकबजनी संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाएं अधिक होती है तथा उन स्थानों पर निरंतर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही थाना प्रभारी स्वयं भी सुबह शाम उक्त चिन्हित स्थानों पर भ्रमण करे। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देश दिये गये क्षेत्र की चाय पान की दुकानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन की दुकानों पर नजर रखे एवं संदिग्ध व्यक्तियों से उनके पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारियां लेकर उनके फोटो लेकर पूछता करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चिन्हित स्थानों पर स्थित दुकानों पर जाकर दुकानदारों को हिदायत दे कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दुकान पर बैठने न दे साथ ही उन्हे इस बात की हिदायत दी जावे कि बाहरी व्यक्तियों के बारे में आवश्यक रूप से पुलिस को सूचित करें।

#### रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक द्वारा देर रात्रि थाना स्टेशन गंज का औचक निरीक्षण एवं थानों के रिकार्ड, रजिस्टर एवं हवालात को चैक किया गया इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा रेल्वे स्टेशन का भी भ्रमण किया गया इसके साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों साथ ही चैराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झुंड बनाकर खडे होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी। जिले मे अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों पर अपराधों को लेकर सजग रहकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये है।

---



## वैश्य इकाई का सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस वैश्य सम्मेलन तहसील इकाई का मिलन कार्यक्रम एवं बैठक संपन्न हुई जिसमें तहसील इकाई की नवीन कार्यकारिणी के गठन के संबंध में विचार विमर्श किया गया इस संबंध में वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य संरक्षक संतोष अवधिया आशीष नेमा विनीत नेमा प्रदीप नेमा ने अपने विचार रखें बैठक में सर्व सहमति से के के सोनी द्वारा जिन दायित्व के लिए नियुक्ति की गई उनमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष वर्मा एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के लिए प्रभारी वसंत सोनी को नियुक्त किया गया शेष नियुक्तियां आगामी बैठक में विचार विमर्श कर की जाएगी ऐसा निश्चित हुआ साथ ही वैश्य दिवस पर सभी साथियों के साथ वैश्य दिवस मनाने की योजना पर चर्चा हुई साथ में कार्यक्रम में संगीत में भजन एवं हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ।

## ब्यूटी पार्लर में लगी आग, 30 लाख का हुआ नुकसान





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस के नगर के मध्य बाहरी रोड स्थित सांकल मढ़यिा के समीप एक ब्यूटी पार्लर में अचानक आग लग गई। आग लगते जब धुआं का गुबार दिखा तब मुख्यमार्ग में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर और एसडीएम मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। नगरपालिका कर्मियों और पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। शुक्रवार - शनिवार की दरमियानी रात अचानक हिना ब्यूटी पार्लर से धुआं उठने लगा, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर दमकल की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी सामने आएगी। इस घटना में किसी प्रकार से जानमाल की हानि नही हुई है। लेकिन दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। संचालिका के अनुसार आग लगने से लगभग 30 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

## चिनकी में हुआ जल संरचनाओं का निर्माण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के नेतृत्व में श्रीराम आरण्यक चिनकी में जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। इस कार्य में श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्थान नरसिंहपुर, विश्व गायत्री परिवार नरसिंहपुर, नवांकुर संस्था पिपरहा व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी के संयुक्त तत्वाधान किया गया। जल संरचनाओं के लिए कंटूर ट्रेंच, नाली तथा पौधों में थाला का निर्माण किया गया। श्रीराम आरण्यक चिनकी नर्मदा तट पर यह कार्य जल संरक्षण व संवर्धन के अंतर्गत किया गया है। गर्मी के मौसम में वर्षा जल के संग्रह के लिए संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा, ताकि वर्षा ऋतु में जल को पहाड़ी में रोककर भूमि के अंदर संग्रहित किया जा सके। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर ने बताया की यह कार्य सम्पूर्ण जिले में अभियान चलाकर जल संरक्षण के लिए किया जा रहा है। इसके अंतर्गत श्रीराम आरण्यक चिनकी में 30 जून तक जल संरचनाओं का निर्माण परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों व परामर्शदाताओं के साथ स्वैच्छिक संगठनों, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं सहित गणमान्यजनों की सहभागिता से किया जायेगा।

## 105 वाहनों से वसूला चालान, यातायात पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस द्वारा चलाया जा रहे अभियान के तहत तेज आबाज वाले 11 कान फाडू सायलेंसर लगे दो पहिया वाहन एवं शराब पीकर एवं तीन सवारी वाले 105 दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध की गयी चालानी कार्यवाही। संपूर्ण थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरूद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाये जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत विगत तीन दिन में कान फाडू, तेज आबाज सायलेंसर वाले 11 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनके सायलेंसर निकाले गये है एवं उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 11000 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा विगत तीन दिन में संपूर्ण जिला अंतर्गत तीन सावारी वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 105 चालकों के चालान काटे जाकर समन शुल्क वसूल किया गया है।

## मुदित शर्मा बने लेफ्टिनेंट

### पैतृक गांव में हुआ फूल मालाओं और गाजे-बाजे से हुआ स्वागत

**तेंदूखेड़ा** - तेंदूखेड़ा नगर के प्रतिष्ठित घंटारियाँ परिवार के सदस्य सतीश शर्मा के सुपुत्र मुदित शर्मा का सेना में लेफ्टिनेंट के पद में चयन हुआ है। बिहार गया ऑफिसर एकेडमी में पासिंग आउट परेड के बाद विगत दिवस तेंदूखेड़ा पहुंचने पर परिजनों व नगरवासियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। परिजनों व शुभचिंतकों के साथ निवास तक उन्हें गाजे-बाजे के साथ ले जाया गया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम मंदिर एवं सिंहवाहिनी मंदिर पहुंचकर पहुंच कर पूजन अर्चन किया।मुदित शर्मा (24) ने नरसिंहपुर से दसवीं व बारहवीं कक्षा की पढ़ाई करने के बाद ग्वालियर विश्वविद्यालय से बीटेक इलेक्ट्रिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद सीडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर अप्रैल 2024 में इंडियन मिलिट्री बिहार गया ऑफिसर एकेडमी में भर्ती हुए। 11 माह की कठिन ट्रेनिंग के बाद 08 मार्च को पासिंग आउट परेड में इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट की रैंक हासिल की। मुदित शर्मा के पिता सतीश शर्मा नरसिंहपुर में बिजली विभाग में टेस्टिंग सुपरवाइजर और मां श्रीमती तारा शर्मा शिक्षिका हैं।



## राशन पर्ची नहीं बनाने को लेकर रोजगार सहायक को दी जान से मारने की धमकी



### संगठन के माध्यम से पुलिस थाने में शिकायत

**तेंदूखेड़ा** शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के पोर्टल ना खुलने की स्थिति में हितग्राही पंचायत इकाई के सचिव और रोजगार सहायक को अपने कोप का भाजन बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चांवरपाठा विकास खंड की ग्राम पंचायत छत्तरपुर से सामने आया है जहां गांव के ही एक व्यक्ति ने रोजगार सहायक सचिव अरविंद जाटव को गंदी-गंदी गालियां देने के साथ जान से ही मार देने की धमकी दे डाली। ऊपर से आरोपी ने फोन पर धमकी देते हुए यह भी कह डाला कि हमारी ऊपर बैठे नेताओं से अच्छी पकड़ है तुम्हारी नौकरी ही खा जायेंगे। हमारे प्रतिनिधि को छतरपुर से अपने रोजगार सहायक सचिवों के साथ शिकायत दर्ज करवाने तेंदूखेड़ा पुलिस थाने पहुंचे अरविंद जाटव ने बताया कि गांव का ही रहने वाला प्रमोद पिता रेवाराम उर्फ बिट्टू मेहरा खाद्यान्न पर्ची बनवाने के लिए बार बार चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी ऊपर से पोर्टल ही बंद पड़ा हुआ है। उससे कहा गया है कि जब पोर्टल खुल जायेगा तो आवेदन के आधार पर तुम्हारी पर्ची बन जायेगी लेकिन वह मानने तैयार ही नहीं हो रहा है।20 मार्च को हमारे घर पर आकर धमकी देने लगा और गंदी गंदी गालियां देने लगा यहां तक कि यह यह भी कहने लगा कि यदि दो तीन दिन में पर्ची नहीं बनाई तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।उसी दिन से लगातार फोन पर जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए गंदी-गंदी गालियां और धमकी दे रहा है।यह विषय रोजगार सहायक सचिव अरविंद जाटव ने अपने संगठन के सभी साथियों को बताई और रविवार को पुलिस थाने तेंदूखेड़ा पहुंच कर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि उक्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच करवा लेते हैं और आरोपी से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।



## कांग्रेसजनों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कांग्रेसजनों द्वारा स्थानीय सुभाष पार्क पर शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय दुबे, पूर्व मंडी अध्यक्ष भगवत सिंह जाट, इंटक अध्यक्ष संतोष शुक्ला, साहित्यकार अजय तुलसी, कुंज बिहारी यादव कवि, आईटी सेल के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल रीतेश नामदेव ,अनवर भाई,पलाश पटेल, शिवम पाठक, यशवंत कुल्हा एवं योगेश विश्वकर्मा सहितअन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर देशभक्ति के भाव प्रकट किए।